भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

02 मार्च 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा उमरिया (शहडोल), मध्य प्रदेश से देशव्यापी 'विजय संकल्प बाईक रैली' के शुभारंभ अवसर पर दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

देश की जनता 'फिर एक बार, मोदी सरकार' बनाने के लिए संकल्पबद्ध है और यही संदेश लेकर देश भर में लगभग 3800 से अधिक जगहों पर एक करोड़ से ज्यादा पार्टी कार्यकर्ता विजय संकल्प बाईक रैली के माध्यम से देश के सवा सौ करोड़ मतदाताओं से संपर्क करेंगे

****

विजय संकल्प बाईक रैली के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता देश के हर बूथ, हर गाँव, हर गली, हर शहर जायेंगे और देश की जनता के सामने मोदी सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं और आने वाले पांच वर्षों के लिए सरकार के विजन को रखने के साथ-साथ विपक्ष को भी बेनकाब करेंगे

****

पाकिस्तान के F-16 को गिराकर अदम्य वीरता का परिचय देने वाले विंग कमांडर अभिनंदन की वापसी पर हम उनका स्वागत करते हैं, अभिनंदन करते हैं एवं हृदय की गहराइयों से आनंद व्यक्त करते हैं

****

कांग्रेस एवं उसके सत्ता स्वार्थी सहयोगी दलों की सरकारों में कई आतंकी हमले हुए, यूपीए सरकार में 26/11 का मुंबई हमला हुआ लेकिन सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार इस पर मौन ही रही

****

पाकिस्तानी मीडिया और पाकिस्तानी संसद ने स्ट्राइक को स्वीकार कर लिया, उन आतंकवादी संगठनों ने स्ट्राइक की बात कबूल कर ली जिसके खिलाफ स्ट्राइक की गई लेकिन ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और राहुल गाँधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस-नीत महामिलावटी ठगबंधन स्ट्राइक को मानने को तैयार नहीं

****

शर्म करना चाहिए ऐसे नेताओं और ऐसी पार्टियों पर जो देश के वीर जवानों के शौर्य पर शंका जाहिर करते हैं। देश की जनता इन्हें कभी माफ नहीं करने वाली। ऐसी राजनीति उन्हें ही मुबारक, हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं, माँ भारती के लिए हमेशा जान देने को तैयार रहते हैं

****

कांग्रेस एवं उनके सहयोगियों की सरकार में आतंकवाद के खलाफ लड़ने का जज्बा ही नहीं था, देश के वीर जवानों की शहादत का बदला लेने की हिम्मत ही नहीं थी, पाक प्रेरित आतंक के खिलाफ प्रहार करने की इच्छाशक्ति ही नहीं थी

****

ये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं जिन्होंने पाकिस्तान के नापाक साजिशों को मुंहतोड़ जवाब दिया है और आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया लेकिन विपक्ष टेररिज्म के खिलाफ हुए स्ट्राइक पर सवाल खड़े कर रहा है

****

जब देश की सेना प्रेस वार्ता कर के इस बात को कह रही है कि पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की गई जिसमें कई आतंकी मारे गए तो इस पर शक-सुबहा करने का कोई औचित्य ही नहीं उठता है। इस तरह की ओछी राजनीति से कांग्रेस एवं विपक्षी पार्टियों को बाज आना चाहिए

****

21 विपक्षी पार्टियों ने जो प्रस्ताव पास किया और राहुल गाँधी ने जिस पर प्रेस वार्ता की, उसकी भाषा हिन्दुस्तान नहीं, पाकिस्तान को खुश करने वाली थी। देश में संकट के समय क्या ऐसी भाषा का इस्तेमाल होना चाहिए जिससे पाकिस्तान आनंदित होता हो?

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं। 90 से लेकर आज तक किसी भी पांच वर्ष में यदि सबसे ज्यादा आतंकवादी मारे गए हैं तो वह मोदी सरकार में मारे गए हैं

****

मोदी सरकार के समय जब भी देश की जनता और देश की सेना पर हमला हुआ है, हमने हर समय गोली का जवाब गोले से दिया है। उरी में पाक प्रेरित आतंकवादी हमले का जवाब हमने सर्जिकल स्ट्राइक करके दिया और अब पुलवामा हमले का जवाब पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक करके दिया

****

आतंकवादियों को लगा कि हिंदुस्तान में चुनाव का समय है, हमला करेंगे तो वहां की सरकार कुछ कर नहीं पायेगी लेकिन हमारे लिए चुनाव नहीं, देश की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है

****

राहुल गाँधी के नेतृत्व में विपक्ष का तथाकथित महामिलावटी ठगबंधन परिवारवाद, सम्प्रदायवाद, जातिवाद, तुष्टिकरण और धन-बल के आधार पर काम करता है जबकि भारतीय जनता पार्टी जन-कल्याण के प्रति कटिबद्धता और जनसंपर्क के आधार पर देश के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहती है

****

चुनाव देश के लगभग 50 करोड़ गरीबों के घर में सुख-शांति लाने, अर्थतंत्र को गति देने, देश की सुरक्षा को सुदृढ़ व सुनिश्चित करने और आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए होना चाहिए। कांग्रेस और विपक्षी पार्टियाँ इसमें से एक भी कार्य नहीं कर सकती

****

यदि कोई सरकार देश के लगभग 50 करोड़ गरीबों के कल्याण के लिए, देश की सुरक्षा और देश की समृद्धि के लिए काम कर सकती है तो वह केवल और केवल मोदी सरकार है

****

आजादी से 70 सालों तक देश के जवान 'वन रैंक, वन पेंशन' की मांग कर रहे थे लेकिन कांग्रेस सरकारों ने कभी इस दिशा में कोई प्रयत्न नहीं किया। यह मोदी सरकार है जिसने OROP को लागू किया और अब तक लगभग 35,000 करोड़ रुपये की राशि भूतपूर्व सैनिकों के एकाउंट में ट्रांसफर किया जा चुका है

****

मोदी सरकार ने अलगाववादियों के जेहन में ये बात अच्छे से बैठा दी है कि यदि भारत में रहना है तो भारत की भाषा बोलनी होगी, पाकिस्तान की भाषा नहीं बोलने दी जायेगी। जांच एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को हो रही आर्थिक मदद के तंत्र की कमर तोड़ने का काम किया है

****

कूटनीति के माध्यम से पूरे विश्व में पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया गया है, आज पाकिस्तान का साथ देने को कोई तैयार नहीं है, यह मोदी सरकार की सफल कूटनीतिक विजय है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज **अमर शहीद स्टेडियम, उमरिया से देशव्यापी विजय संकल्प बाईक रैली का शुभारंभ किया। वे स्वयं भी बाईक रैली में शामिल हुए और कुछ दूर तक सफ़र भी किया।** देश भर में मंडल, जिला एवं राज्य स्तर पर लगभग 3800 जगहों पर एक करोड़ से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय संकल्प बाईक रैली निकालकर जन-जन से संपर्क किया और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार की उपलब्धियों को उनके साथ साझा किया। इसके पहले श्री शाह ने विशाल संख्या में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों को संबोधित किया। ज्ञात हो कि विगत तीन फरवरी को श्री शाह ने पार्टी के एक माह तक चलने वाले व्यापक अभियान "संकल्प पत्र: भारत के मन की बात, मोदी के साथ" कार्यक्रम की शुरुआत के समय चार कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए जन-जन तक महासंपर्क करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि **देश की जनता 'फिर एक बार, मोदी सरकार' बनाने के लिए संकल्पबद्ध है और यही संदेश लेकर एक करोड़ से ज्यादा पार्टी कार्यकर्ता विजय संकल्प बाईक रैली के माध्यम से देश के सवा सौ करोड़ मतदाताओं से संपर्क करेंगे।**

श्री शाह ने सबसे पहले विग कमांडर अभिनंदन वर्तमान की सकुशल वापसी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि **पाकिस्तान के F-16 को गिराकर अदम्य वीरता का परिचय देने वाले विंग कमांडर अभिनंदन की वापसी पर हम उनका स्वागत करते हैं, अभिनंदन करते हैं एवं हृदय की गहराइयों से आनंद व्यक्त करते हैं।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **राहुल गाँधी के नेतृत्व में विपक्ष का तथाकथित महामिलावटी ठगबंधन परिवारवाद, सम्प्रदायवाद, जातिवाद, तुष्टिकरण और धन-बल के आधार पर काम करती है जबकि भारतीय जनता पार्टी जन-कल्याण के प्रति कटिबद्धता और जनसंपर्क के आधार पर देश के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहती है, यही भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस में अंतर है। सरकार में आने पर भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य 'अंत्योदय' के सिद्धांत पर गरीब कल्याण और 'सबका साथ, सबका विकास' होता है और चुनाव में हम अपनी उपलब्धियों के आधार पर जनसंपर्क करते हैं और अपने विजन को जनमानस के साथ साझा करते हैं, यह हमारी परंपरा, हमारी कार्यसंस्कृति रही है।**

श्री शाह ने कहा कि चाहे देश के लगभग 22 करोड़ लाभार्थियों के साथ महासंपर्क अभियान हो, कमल दीपावली कार्यक्रम हो, 'मेरा परिवार, भाजपा परिवार' का कैंपेन हो या फिर आज से शुरू हो रही विजय संकल्प बाईक रैली, हमारे सभी कार्यक्रम जनसंपर्क के लिए हैं। उन्होंने कहा कि **विजय संकल्प बाईक रैली के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता देश के हर बूथ, हर गाँव, हर शहर, हर गली जायेंगे, मतदाताओं से संपर्क करेंगे और चुनाव के भारतीय जनता पार्टी के विजन को उनके साथ साझा करेंगे।** उन्होंने सभा में उपस्थित लोगों से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या चुनाव किसी को प्रधानमंत्री बनना है या कोई शहजादा गद्दी पर बैठना चाहता है या फीर कोई परिवार सत्ता में आना चाहता है, इसके लिए होता है या फिर देश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने के लिए? उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी का स्पष्ट मानना है कि चुनाव देश के लगभग 50 करोड़ गरीबों के घर में सुख-शांति लाने, देश के अर्थतंत्र को गति देने, देश के गौरव को दुनिया भर में पुनः प्रतिष्ठित करने, देश की सुरक्षा को सुदृढ़ व सुनिश्चित करने, देश को दुनिया की महासत्ता बनाने और आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए होना चाहिए।** उन्होंने कहा कि **ऐसा महामिलावटी ठगबंधन जिसका न कोई नेता है, न नीति है और न ही कोई सिद्धांत है - देश का कभी भला नहीं कर सकता।** उन्होंने कहा कि **यदि कोई सरकार देश के लगभग 50 करोड़ गरीबों के कल्याण के लिए, देश की सुरक्षा और देश की समृद्धि के लिए काम कर सकती है तो वह केवल और केवल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार है** क्योंकि आजादी के 70 सालों में 55 वर्ष तक कांग्रेस पार्टी के एक ही परिवार का शासन होने के बावजूद देश हर क्षेत्र में पिछड़ता ही चला गया। इसका एकमात्र कांग्रेस कांग्रेस सरकार है।

पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ भारत के स्ट्राइक पर बोलते हुए श्री शाह ने कहा कि **विपक्ष पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ भारत के एयर स्ट्राइक पर सवाल खड़े कर रहा है।** मैं कहना चाहता हूँ कि **कांग्रेस और उसके सहयोगी दल 55 वर्षों से अधिक समय तक सरकार में रहे हैं लेकिन उन्होंने कभी भी आतंकवाद को ख़त्म करने के लिए निर्णायक कदम नहीं उठाया।** भारत 90 के दशक से ही पाक प्रेरित आतंकवाद से पीड़ित रहा है और राहुल गाँधी एंड कंपनी भाजपा पर इसके राजनीतिकरण का आरोप मढ़ने का दुस्साहस कर रही है! उन्होंने कहा कि **कांग्रेस एवं उसके सत्ता स्वार्थी सहयोगी दलों की सरकारों में कई**

आतंकी हमले हुए, सोनिया-मनमोहन की सरकार में 26/11 का मुंबई हमला हुआ लेकिन सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार इस पर मौन ही रही। उनमें आतंकवाद के खलाफ लड़ने का जज्बा ही नहीं था, देश के वीर जवानों की शहादत का बदला लेने की हिम्मत ही नहीं थी, पाक प्रेरित आतंक के खिलाफ प्रहार करने की इच्छाशक्ति ही नहीं थी। ये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन्होंने पाकिस्तान के नापाक साजिशों को मुंहतोड़ जवाब दिया है और आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया है लेकिन विपक्ष टेररिज्म के खिलाफ हुए स्ट्राइक पर सवाल खड़े कर रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **पाकिस्तानी मीडिया ने स्ट्राइक की बात स्वीकार कर ली, पाकिस्तान की संसद ने स्ट्राइक को मान लिया, वे आतंकवादी संगठन स्ट्राइक की बात कबूल कर चुके हैं जिसके खिलाफ स्ट्राइक की गई लेकिन ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और राहुल गाँधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस-नीत महामिलावटी ठगबंधन भारत द्वारा आतंकवाद के खिलाफ किये गए स्ट्राइक को मानने को तैयार नहीं। शर्म करना चाहिए ऐसे नेताओं और ऐसी पार्टियों पर जो देश के वीर जवानों के शौर्य पर शंका जाहिर करते हैं। देश की जनता इन्हें कभी माफ नहीं करने वाली।** उन्होंने कहा कि **जब देश की सेना प्रेस वार्ता कर के इस बात को कह रही है कि पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की गई जिसमें कई आतंकी मारे गए तो इस पर शक-सुबहा करने का कोई औचित्य ही नहीं उठता है। इस तरह की ओछी राजनीति से कांग्रेस एवं विपक्षी पार्टियों को बाज आना चाहिए।**

विपक्षी दलों द्वारा विगत 27 मार्च को पारित किये गए प्रस्ताव और राहुल गाँधी की प्रेस वार्ता पर कड़ा हमला करते हुए श्री शाह ने कहा कि **21 विपक्षी पार्टियों ने जो प्रस्ताव पास किया और राहुल गाँधी ने जिस पर प्रेस वार्ता की, उसकी भाषा हिन्दुस्तान नहीं, पाकिस्तान को खुश करने वाली थी।** उन्होंने कहा कि निस्संदेह पाकिस्तान को ये चार दिन बड़े भारी पड़े हैं, उन्हें समझ ही नहीं आ रहा था कि क्या बोलें लेकिन राहुल गाँधी की प्रेस वार्ता होते ही पाक को समर्थन देने वालों की बाछें खिल गई। **देश में संकट के समय क्या ऐसी भाषा का इस्तेमाल होना चाहिए जिससे पाकिस्तान आनंदित होता हो? राहुल गाँधी, भारतीय जनता पार्टी भी विपक्ष में रही है, इस दौरान कई बार देश पर संकट के बादल मंडराए लेकिन हमने कभी भी दुश्मनों को खुश करने वाली भाषा का प्रयोग नहीं किया। हमने हमेशा ऐसी स्थिति में सरकार का समर्थन किया और आप राजनीति कर रहे हैं! ममता बनर्जी पूछती हैं कि स्ट्राइक हुई या नहीं, इसके सबूत दिखाओ, अखिलेश भी उनके सुर में सुर मिलाते दिखते हैं, अरे भाई, वोट बैंक की राजनीति की भी हद होती है। यदि आपको इस तरह की राजनीति करनी है तो यह आपको मुबारक, हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं, माँ भारती के लिए हमेशा जान देने को तैयार रहते हैं।** उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं। 90 से लेकर आज तक किसी भी पांच वर्ष में यदि सबसे ज्यादा आतंकवादी मारे गए हैं तो वह मोदी सरकार में मारे गए हैं। मोदी सरकार के समय जब भी देश की जनता और देश की सेना पर हमला हुआ है, हमने हर समय गोली का जवाब गोले से दिया है। उरी में पाक प्रेरित आतंकवादी हमले का जवाब हमने सर्जिकल स्ट्राइक करके दिया और अब पुलवामा हमले का जवाब पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक करके दिया। आतंकवादियों को लगा कि हिंदुस्तान में चुनाव का समय है, हमला करेंगे तो वहां की सरकार कुछ कर नहीं पायेगी लेकिन हमारे लिए चुनाव नहीं, देश की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **आजादी से 70 सालों तक देश के जवान 'वन रैंक, वन पेंशन' की मांग कर रहे थे लेकिन कांग्रेस सरकारों ने कभी इस दिशा में कोई प्रयत्न नहीं किया। यह मोदी सरकार है जिसने 'वन रैंक, वन पेंशन'को लागू किया और अब तक लगभग 35,000 करोड़ रुपये की राशि भूतपूर्व सैनिकों के एकाउंट में ट्रांसफर किया जा चुका है।** देश के वीर जवानों के लिए देश में आज तक कोई वार मेमोरियल नहीं बना था, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पहले ही साल वार मेमोरियल बनाने की शुरुआत की और कुछ दिन पहले ही उन्होंने इसे राष्ट्र को समर्पित किया।

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को जड़ से ख़त्म करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई की चर्चा करते हुए श्री शाह ने कहा कि **मोदी सरकार ने अलगाववादियों के जेहन में ये बात अच्छे से बैठा दी है कि यदि भारत में रहना है तो भारत की भाषा बोलनी होगी, पाकिस्तान की भाषा नहीं बोलने दी जायेगी। जांच एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को हो रही आर्थिक मदद के तंत्र की कमर तोड़ने का काम किया है।** साथ ही, आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक प्रहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि **कूटनीति के माध्यम से पूरे विश्व में पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया गया है, आज पाकिस्तान का साथ देने को कोई तैयार नहीं है, यह मोदी सरकार की सफल कूटनीतिक विजय है।**

विजय संकल्प बाईक रैली की बात करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **आज देश के लगभग 3,800 स्थानों पर एक करोड़ कार्यकर्ता विजय संकल्प बाईक रैली के माध्यम से देश के हर बूथ, हर गाँव, हर गली, हर शहर जायेंगे और देश की जनता के सामने मोदी सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं और आने वाले पांच वर्षों के लिए सरकार के विजन को रखने के साथ-साथ विपक्ष को भी बेनकाब करेंगे। यह अपने-आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड होगा।** ज्ञात हो कि देश भर के कुल 4120 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 3800 से अधिक जगहों पर यह रैली निकाली जा रही है। उत्तर प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों सहित पश्चिम बंगाल के सभी 294, महाराष्ट्र के सभी 288, बिहार के सभी 243, तमिल नाडु के सभी 234, मध्य प्रदेश के सभी 230, कर्नाटक के सभी 224, राजस्थान के सभी 200, गुजरात के सभी 182, आंध्र प्रदेश के सभी 175 ओडिशा के सभी 147 और केरल के सभी 140 विधान सभा क्षेत्रों में बाईक रैली निकाली जा रही है।

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव